संक्षिप्त

यादव उत्थान समिति की बैठक 14 को

नारायणपुर । कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में यादव उत्थान समिति की बैठक 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन लाल यादव करेंगे। बैठक में आगामी पाटोत्सव के आयोजन की योजना बनाई जाएगी, साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को सुधारने पर भी चर्चा की जाएगी। समिति के सदस्य समाज की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने के लिए अपने सुझाव देंगे और समाज के उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विचार करेंगे। इस बैठक में समाज के कई प्रमुख लोग और समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया।

पौषवड़ा महोत्सव का आयोजन किया

मनोहरपुर । सेडमाता मंदिर में माता की मनोहरम झांकी सजाई गई। वहीं मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया। दिन भर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया । इसके बाद में सेडमाता की आरती कर हलवा पकोड़ी का भोग लगा कर भक्तो को दोना प्रसादी दी ! छतरी के पास भैरू बाबा के मंदिर में भी पौषबड़ा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मामराज कुम्हार, महेश असवाल, लीलाराम कुम्हार, रामस्वरूप प्रजापत, जगमाल असवाल, मनोज प्रजापत, कैलाश प्रजापत, बिरदी चंद प्रजापत, गिरधारी बैनिवाल, अशोक बैनिवाल, पवन प्रजापत, सहित समस्त शिव कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

छात्र संगोष्ठी का हुआ आयोजन

निवाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में सिरस गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व श्री केशव कल्याण प्राथमिक विद्यालय में छात्र संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रधानाचार्य कविता पुनिया ने दीप प्रजलन कर किया। जिला संगठन मंत्री मोनू स्वामी एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रोहित माहुर ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। संगोष्ठी में हरिराम गुर्जर, आत्माराम, राजू जायसवाल, महेश, सुरेश व अंकित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पौषबडा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। गुंसी के झाड़ा वाले बालाजी मंदिर में पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पुजारी चंद्र प्रकाश प्रजापत ने बताया की बालाजी धाम पर पौषबडा महोत्सव को लेकर बालाजी महाराज के चोला चढाकर भव्य झांकी सजाई गई। आचार्य ब्रजेश कुमार शास्त्री के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। बालाजी के दरबार में दिल्ली, हरियाणा, करोली, भरतपुर, अलवर, दौसा, लालसोट, जयपुर सहित दूर दराज से आए भक्तों ने बालाजी महाराज व भैरूजी के धोक लगाकर खुशहाली की कामना की और बालाजी के पौष बड़ो का भोग लगाकर पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया।

हिमांशी वर्मा का अभिनंदन किया

सांभरझील, (निसं)। राजस्थान युवा महोत्सव में भित्ति चित्र प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली छात्रा हिमांशी वर्मा पुत्री अरविंद वर्मा निवासी पुराना किला का अंबेडकर चेतना समिति की तरफ से जोरदार अभिनंदन किया गया। हिमांशी को स्मृति चिन्ह, अंबेडकर की तस्वीर व पुष्प कुछ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। इस मौके पर डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अनेक प्रतिष्ठित लोगों की भी मौजूदगी रही।

स्वामी जी के आदर्शो पर चले युवा : मातादीन

शाहपुरा । शहर में त्रिवेणी रोड़ पर स्थित त्रिवेणी इन्फोटेक सेंटर पर निदेशक मातादीन प्रजापत की अध्यक्षता में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान प्रजापत ने कहा कि युवाओं को स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। भारत युवा देश है और आज के युवा कल के भारत है। युवाओं को अपनी शक्ति देश के विकास और तरक्की में लगानी चाहिए। इस मौके पर एक दर्जन लोग मौजूद थे।

एन.एच.ए.आई. द्वारा बंद किये गए कट को खुलवाने को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पावटा। कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को एनएचएआई की टीम ने बंद कर दिया गया है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके। बस स्टैंड से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। लेकिन सीएचसीकट बंद होने के बाद आपातकालीन सेवाओं के लिए महज केवल सर्विस रोड ही बचता है। यहां पर हर समय एंबुलेंस व निजी वाहनों से गंभीर मरीजों का आना जाना रहता है। लेकिन दिन में बैंक के सामने व सर्विस रोड के दोनो तरफ लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है।

वही सर्विस रोड किनारे दोनो तरफ चोपहिया व दुपहिया वाहन खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे अक्सर मरीज लेकर आए वाहन यहां पर जाम में फंस जाते हैं। इस संबंध में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिला अस्पताल के सामने एनएएचआई द्वारा बंद किये गए कट को खुलवाने की मांग को लेकर पावटा तहसीलदार दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

बंद किये गए कट को खुलवाने के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

लोगों का कहना है कि बैंक, मॉल, दुकानों के सामने लोग दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा करते हैं। वही सर्विस रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग बनी हुई है।जबकि लोगों ने जाम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को उनको कई बार जानकारी भी दी। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पावटा बस स्टैंड से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। यहां स्थानीय के साथ दूर दराज के मरीज इलाज कराने पहुंचते रहते हैं। जबकि सड़क पर गलत तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। इससे अस्पताल आने वाले एबुलेंस व निजी वाहनों के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कई बार हादसे में घायल को एंबुलेंस या अन्य वाहन से लाते समय सर्विस रोड पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण जाम में घंटों फंसा रहना पड़ा। इससे घायल की जान जोखिम में पड़ जाती है। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से इसे गंभीरता से लेते हुए जाम की समस्या से राहगीरो, व्यापारियों, आम जनता को जूझना ना पड़े इसके लिए सर्विस रोड पर हो रहे अवैध पार्किंग को हटवाने व सीएचसी कट को खुलवाने की मांग की है। इस दौरान समाजसेवी गिरधारी खोला, करतार सिंह, मालीराम बाड़ीगर,मातादीन नेता, संतलाल डेलिगेट, राकेश मीणा,भीमसिंह शेखावत, जितेंद्र यादव, नरेश सिसोदिया, कैलाश सुजातनगर, अक्षय खंडेलवाल, मुकेश यादव, गिरधारी यादव, अजय धानका, विष्णु इंदौरिया सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

- **सर्विस रोड पर खड़े रहते है वाहन, जाम में फंस जाती हैं एंबुलेंस**

फ्लाईओवर व अंडर पास बनवाने की मांग की

मनोहरपुर । सुभाष शर्मा पूर्व विधायक कोटपुतली जिला कोटपुतली-बहरोड़ राजस्थान ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री केन्द्र सरकार नई दिल्ली से राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ जिले के कोटपुतली नगर परिषद क्षेत्र में बानसूर मोड़ एवं नई सब्जी मंडी मोड़ पर बड़ा फ्लाईओवर तथा बीड़ीएम अस्पताल के सामने ऊँचा अंडरपास व टेलीफोन एक्सचेंज, संस्कृत स्कूल ,फोजावाली मोड़ व बिजली ग्रिड की तरफ आने-जाने वाले वाशिंदों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए संस्कृत स्कूल मोड़ पर ऊंचा अंडरपास बनवाये जाने की मांग की है ।शर्मा नव बताया हैं कि रोजाना की दुर्घटनाओं से आमजन को बचाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों तरफ की सर्विस लाइन पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलवाये जाने तथा बीड़ीएम अस्पताल में लोगों की पहुँच को आसान बनाए जाने के लिए उक्त फ्लाईओवर एवं दोनों अंडरपास को बनवाये जाने का श्रम करें यह समय की मांग और क्षेत्रीय जनता की अत्यधिक आवश्यकता है ।

जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण कर शेष अधूरे कामों को समय पर पूरा कराएं : कलेक्टर

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए जिले के सभी एसडीएम को जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण कर समीक्षा करने सहित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल एवं विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान प्रगति की समीक्षा कर प्रगति को बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की पाइपलाइन डालने के पश्चात सड़क मरम्मत का कार्य सही से किया गया है या नहीं इसकी जांच हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य की समीक्षा हेतु संबंधित उपखंड अधिकारी को निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। अधिशासी अभियंता जलदाय विभाग ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक जिले में 71 कार्य पूरा किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। जिला कलेक्टर ने आंगनवाड़ी व स्कूल में किए गए जल कनेक्शन की जांच हेतु जिला शिक्षा अधिकारी व महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया तथा शेष बचे आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूलों में जल संबंध देने हेतु निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों एवं ई-फाइल का समयबद्ध डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा पिछली जिला स्तरीय जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी जनसुनवाई (गुरुवार) से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया।

- **बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर अधिकारियों से की चर्चा दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

जिला कलेक्टर ने बिजली विभाग के लिए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, सड़क निर्माण कार्य, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल पर परिवादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जानकारी लेकर ग्रामीण ब्लॉकों में रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने की निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, शिक्षा अधिकारी शकुंतला, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग विकास यादव, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, मंडी सेक्रेटरी सुरेंद्र सैनी, सहायक अभियंता विद्युत विभाग दिनेश भड़ाना, नगर परिषद कनिष्क अभियंता, कोऑपरेटिव सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

केरियर मेले आयोजन हुआ

श्रीमाधोपुर । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार अंकुर ने की।मुख्य अतिथि के रूप विद्यालय के पूर्व छात्र एवं डीआरडीओ से रिटायर्ड सीताराम सैनी तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। श्रीशर्मा ने बच्चो जीवन में आगे बढ़ने के लिए परिश्रम के साथ कैरियर हेतु मार्गदर्शन की आवश्यकता है ।सैनी जी ने कहा आपकी मंजिल प्राप्त करने का रास्ता ऐसे आयोजनो सेही मिलता है।केरियर मेले में केरियर से संबंधित विभिन्न जॉब चार्ट , ब्यूटी एंड वैलनेस प्रदर्शनी ,कैरियर फील्ड चार्ट, भाषण करियर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम हुए। कक्षा 12 के छात्र हर्षित रोहिला ने करियर से संबंधित भाषण प्रस्तुत कियाइस मेले में सभी विजेता विद्यार्थियों को माला पहना कर प्रशंसा पत्र एवं इनाम के रूप में टिफिन व पेन देकर सम्मान किया गया । करियर मेले के अंत में सभी उपस्थित महामानो व विद्यार्थियों को अल्पाहार करवाया गया। इस मेले में समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा ।

वाहर्टन यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सीखी कारपेट बुनाई

मानपुरा माचेड़ी । वाहर्टन यूनिवर्सिटी पेनसिल्वेनिया के छात्र-छात्राओं के एक दल ने मानपुरा माचेड़ी स्थित जयपुर रग्स के कारपेट वीविंग सेंटर्स का विजिट कर कारपेट बुनाई के गुर सीखे। विजिट कन्वीनर मुनीश बख्शी की देखरेख में यह दल राजस्थान यात्रा पर है और स्टडी टूर के तहत राजस्थान के रिमोट गांवों में चल रहे विभिन्न हस्तशिल्प निर्माण के कार्यों को देख समझ रहा है।

दल में अमांडा, मेडीसन, इनबार, जेसिका और स्टीवन आदि शामिल थे। जेसिका ने बताया कि कारपेट बुनाई का काम आर्टिजन लेवल पर देख कर काफी अच्छा लगा और इतनी बारीकी से यह काम हाथ से किया जाता है देखकर आश्चर्य हुआ। अमांडा ने आर्टिजन की कार्य दक्षता को सराहा।

साथ ही बताया कि ग्रामीण महिलाओं को जिस तरह प्रशिक्षित कर जयपुर रग्स ने आत्म निर्भर बनाया है, वह महत्वपूर्ण है। जेसिका और स्टीवंस को इन आर्टिजन का क्रियेटिव आर्टवर्क बहुत अच्छा लगा।आर्टिजन शांति देवी, कमली देवी, सुशीला देवी, आशा देवी और आची देवी से छात्र छात्राओं ने बातचीत की। गौरतलब है कि मानपुरा माचेड़ी में 60 लूमों पर 250 से अधिक महिलाएं कारपेट बुनाई का काम करती है।

मानपुरा माचेड़ी में कारपेट की बुनाई देखते विदेशी छात्र।

एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 200 आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास, । भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार चलाए जा रहे दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में गंगापुर सिटी, बौंली, बामनवास व सवाई माधोपुर सहित समस्त व्रताधिकारियों के सुपरविजन में सवाई माधोपुर जिले के सभी थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित 70 टीमों में शामिल 312 पुलिस कर्मियों ने 496 स्थानों पर दबिश देकर करीब 200 आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस की इस कार्रवाई से अनेको अपराधी एवं क्रिमिनल लोग भूमिगत हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 10 वारंटी को, दो आरोपियों को आर्मी एक्ट में, एक को अवैध देसी कट्टा मय जिंदा कारतूस जब्त कर गिरफ्तार किया गया है। जधन्य अपराधों में सात आरोपी, सामान्य अपराधों में फरार चल रहे 52 आरोपी, व दो इनामी आरोपी, एवं अवैध शराब/ एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में वांछित दो आरोपी, नवीन प्रकरणों में चार आरोपी, एवं 499 अवैध देशी शराब के पवों व 9 लीटर हथकड अवैध देशी शराब जब्त कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्राली को मय अवैध बजरी से भरे जब्त किया गया है। 23 आरोपियों को जुआ अधिनियम में गिरफ्तार कर 11077 रुपए नगद जब्त किए गए हैं। साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मोबाइल जब्त किए गए हैं। छह आरोपियों को सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि प्रदूषण करने के आरोप में गिरफ्तार कर 6 डेक मशीन व ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त किया गया है। सवाई जिला पुलिस द्वारा अचानक की गई इस कार्रवाई से आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों में हड़कंप मच गया एवं अनेकों कार्रवाई को देखकर भूमिगत हो गए।

मॉडल स्कूल में केरियर-डे एवं राष्ट्रीय युवा दिवस का हुआ शुभारंभ

निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सोमवार को विवेकानंद जयंती केरियर डे एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर तिलक और माल्यार्पण के साथ विवेकानंद जयंती का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रेरक सत्रों का आयोजन व पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विनोदकुमार शर्मा, डॉ. कमलसिंह कसाना एवं विकास गुर्जर ने धर्म एवं आध्यात्मिकता आधारित विषय पर उद्बोधन देकर बच्चों को धर्म एवं आध्यात्मिकता के अनुभव का आभास कराया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को विवेकानंदजी की तरह लक्ष्य व मंजिल तय करने का दृढ़ संकल्प के साथ प्रण लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर 21 जनवरी तक प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन होगा जिसमें सभी युवा विवेकानंद की जीवनी से प्रेरित होकर अपना उज्जवल भविष्य निर्धारित कर सकेंगे। विवेकानंद जयंती युवाओं में निडरता, शक्ति, एकता, धार्मिक सद्भाव, आध्यात्मिक विकास व मानवता की सेवा को बढ़ावा देती है। इस अवसर पर विनोदकुमार शर्मा, योगेशकुमार शर्मा, डॉक्टर कमलसिंह कसाना, विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, रमेशचंद मीणा, हनुमानप्रसाद गुर्जर, सुदेश बाई, सोनू सोनी, सुनीता गुर्जर, आरती तिवारी, दिव्यानी शर्मा, पूजा चंदेल व शारीरिक शिक्षक अमितकुमार शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल स्टाफ व छात्र।

- **कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

सार-समाचार

दुबई में मधुबाला सम्मानित

अलवर। गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय अलवर में प्रोफेसर मधुबाला मीणा को साहित्य क्षेत्र में योगदान देने के लिए दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सम्मेलन अबू धाबी विश्वविद्यालय दुबई तथा साहित्य संचय शोध संस्थान फाउंडेशन दिल्ली की ओर से दुबई में किया गया। अलवर से प्रोफेसर मीणा को सम्मेलन में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था।गोरी देवी महिला महाविद्यालय अलवर में संस्कृत विभाग की प्रोफेसर मीणा साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन की राजस्थान प्रांत की सचिव है। प्रोफेसर मधुबाला मीणा इससे पूर्व थाईलैंड, इंडोनेशिया तथा वियतनाम में आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग ले चुकी है।प्रोफेसर मीणा ने बताया हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस सममेलन में अबू धाबी विश्वविद्यालय, दुबई कैंपस के डायरेकटर डॉ अन्नास नजद्वानी ,डॉ.श्रीठीनैयर डीन ऑफ अबू धाबी विश्वविद्यालय, प्रो. फ्यूजीया जबीन, आलोक शर्मा, संस्थापक, वागीश अंतर्राष्ट्रीय संस्थाडॉ.आरतीलोकेश की उपस्थिति में हिंदी साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार- प्रसार करने के लिए सम्मान से नवाजा गया ।इस अवसर पर प्रोफेसर मीणा की लिखी 2 पुस्तको .वैश्विक परिदृश्य में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति तथा वैश्विक पटल पर भारतीय संस्कृति का विमोचन भी किया गया। इस सममेलन में भारत, यूएई, ओमान, आदि देशों से लगभग 200 विद्वानों ने शिरकत की । मधुबाला मीणा साहित्य के साथ समाज सेवा भी जुड़ी हुई हैं। मधुबाला मीणा का कहना है भारत के विकास में हिंदी का योगदान कम नहीं है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी हिंदी अपना महत्व निभा रही है।

बच्चों को पोषण किट बांटे

जयपुर । जिले में कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार के लिए लाडेसर अभियान शुरू किया गया । इसके लिए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे । इसी कड़ी में सोमवार को परियोजना जोबनेर की ग्राम पंचायत बोबास में लाडेसर अभियान में श्रीजी फाउंडेशन के सहयोग से पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ काजल राज भाटी ने की । इस मौके पर सीडीपीओ काजल भाटी ने अभियान लाडेसर के संबंध में जानकारी देते बताया कि जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी के द्वारा बच्चों को कुपोषण से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से हष्ट पुष्ट बनाने की कामना के साथ लाडेसर अभियान द्वारा शुरू किया गया । तथा इस अभियान के तहत कम वजन एवं अति कम वजन वाले बच्चों के पोषण पर निगरानी रखी जाएगी तथा प्रत्येक कम वजन एवं अति कम वजन वाले बच्चों को प्रतिमाह एक-एक लाडेसर पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा । तथा पोषण का कार्य आंगनबाड़ी स्तर पर विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व वसा आदि खाद्य पदार्थों से किया जाएगा, जिसमें 1 माह के खाद्यान्न किट का सहयोग शामिल है, जो सामाजिक सरोकार की भावना से लगातार तीन माह तक प्रतिमाह एक किट का वितरण भामाशाह के सहयोग द्वारा किया जाएगा है। वही माता-पिता को अपने उत्तरदायित्व निर्वहन करने तथा बच्चों की पोषण स्थिति पर अधिक ध्यान देने की शपथ दिलवाई गई । तथा उन्होंने बताया की अति कुपोषित बच्चों के लिए आशा सहयोगिनियों व कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है तथा प्रत्येक सप्ताह उनका वजन व लंबाई का मापन कर पोषण स्थिति को ट्रेक करने को लेकर निर्देशित किया गया है । तथा इस मौके पर कुपोषित बालक बालिकाओं को पोषण किट वितरित किए गए । इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक ममता, अनीता, बबीता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

सोमवार को रहा मकरसक्रान्ति सा माहौल

निवाई। मकरसंक्रान्ति का त्यौहार 14 जनवरी को है। लेकिन सोमवार को भी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मकरसक्रान्ति के पर्व के समान युवक-युवतियों में पतंगबाजी को लेकर देर शाम तक काफी उत्साह देखा गया। जिसके चलते पूरा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से ढका हुआ रहा। दिनभर वो काटा, वो मारा की आवाजे सहित लाउड स्पीकरों की अवाजों से वातावरण गुंजायमान रहा। सोमवार को सुबह सूर्योदय के साथ ही बालक छतों पर पहुंचकर पतंग उड़ाने में मशगूल हो गए। छतों पर लगे टेप, डेक व लाउड स्पीकरों सहित कई ध्वनि यंत्रों की आवाजों से शहर का माहौल गुंजायमान था। बच्चों के साथ बडे बुजुर्ग भी मकानों की छतों पर सुहानी धूप एवं चाय पकोड़ी सहित पतंगबाजी का लुत्फ उठाते हुए देखे गए। शहर के बड़ा बाजार, चौहटी बाजार, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, जमात, बस स्टेंड, अहिंसा सर्किल, पटेल रोड, आदित्य प्लाजा व झिलाय रोड सहित कई बाजारों में पतंगों की दुकाने सजी हुई है। जिन पर दिनभर पतंग खरीदने वालों की कतारे लगी रही तथा दिनभर पतंग लूटेरे शहर के मुख्य बाजारों एवं गलियों में दौडते हुए देखे गए। जिन्होंने पतंग लूटने का जमकर आनन्द लिया। सोमवार को भी दान पुण्य के त्योहार मकरसक्रांति पर लोगों ने गायों को हरा चारा डालने सहित कई दान पुण्य करके धर्म लाभ कमाया। मकरसक्रांति के त्यौहार पर मंदिरों में भगवान की विशेष पूजा अर्चनाएं भी की गई। इस दौरान दिनभर मकरसक्रांति की बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। सोमवार की रात्रि से ही लोगों ने मोबाइलों से मैसेज, वाटसएप, फेसबुक पर मेसेज भेजकर एवं फोन पर एक दूसरें को मकरसक्रांति की बधाईयां दी। सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मकरसक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन

पावटा। उपखंड पावटा क्षेत्र में सोमवार को बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम व भोमिया जी मंदिर महंत जयरामदास महाराज व सेवादास महाराज के सानिंध्य मे व ग्राम पंचायत जवानपुरा मुख्य बाजार स्थित शिवालय पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस विशाल पौष बड़ा महोत्सव में पहले ठाकुर जी व रानी सती दादी के दरबार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या कार्यक्रम में सभी भक्त भजनों पर जमकर झूमे फिर आरती उसके बाद मंदिर महंत मंदिर महंत जयरामदास महाराज व सेवादास महाराज द्वारा भोग लगा कर प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम समिति से किशन शर्मा, रामावतार शर्मा, दिनेश शर्मा, विकास शर्मा, पिंकी शेखावत, हरिराम सैनी, महेंद्र कुमावत, आकाश बोहरा, विनय गोयल, हिमांशु शर्मा, बंटी शर्मा, कालू प्रजापत, विकास पुजारी, जम्मन राठी, दुर्गादत्त भारद्वाज, सुशील गौड, सहित जनप्रतिनिधियों सहित आसपास के सभी प्रमुख नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

यादव को दी श्रद्धांजलि

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव आज बहरोड़ क्षेत्र के दिवाली गांव पहुंचे और जम्मिक जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में दिवंगत हुए नीतीश कुमार यादव को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भूपेंद्र यादव ने स्व. नीतीश कुमार के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना देते हुये हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह, प्रधान बस्तीराम यादव, मंडल अध्यक्ष कमल यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव खैरथल-किशनगढ़ पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीणा,इंदर सिंह यादव,अंजली यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में 4 जवान शहीद हो गए। दो जवान गंभीर घायल हुए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चाइनीज मांझे के विरोध में संगठन

मनोहरपुर । कल सीकर में हुए दुखद हादसा जिस में एक बच्चे की मौत हो गई उसके बाद जनता में विरोध उत्पन्न हुआ इसी के तहत सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा पिपराली रोड पे हॉस्टल के बच्चों को चाइनीज मांझा नहीं खरीदने की शपथ दिलाई गई। संगठन की एडमिन संतोष जांगिड़ ने कहा कि दुकानों से ज्यादा गोदामों पे जाकर कारवाही करनी चाहिए इसकी सजा भी सख्त होनी चाहिए जिस तरह से कल मांझे के कारण बच्चे की मौत हुई है वो वाकई में दुखद है। इस में सभी ने शपथ ली कि ना खुद उपयोग करेंगे ना किसी को करने देगे । मनोज पुनिया ने कहा कि कही पे भी मांझे का उपयोग करते दिखे तो तुरंत सूचित करे ।इस अवसर पर बच्चों के साथ मनोज पुनिया सूरजभान भूरिया सोनू पुनिया उपस्थित रहे ।

छात्रा-छात्राओं का 14 से 18 तक अवकाश घोषित

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में जारी शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए अलवर जिले में संचालित कक्षा 1 से 5 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं का 14 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया है एवं शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों का समय प्रात: 10 बजे से सायं 3 बजे तक किया गया है।